# मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
## किसान भवन, 26, अरेरा हिल्स, भोपाल

**क्रमांक/ बोर्ड/ भा.भु.यो./ 2025/** 1581 **भोपाल, दिनांक** 9 **/10/2025**

प्रति

संयुक्त संचालक
मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
आंचलिक कार्यालय - ______ (समस्त)

**विषय -** **सोयाबीन खरीफ 2025 - भावांतर भुगतान योजना - सोयाबीन प्रसंस्करणकर्ताओं के साथ जिला स्तरीय बैठक आयोजन के संबंध में।**

**संदर्भ -** **कार्यालयीन पत्र क्रमांक 1573-1574 दिनांक 09/10/2025।**

सोयाबीन खरीफ 2025 - भावांतर भुगतान योजना के क्रियान्वयन के अंतर्गत मंडी भावों की नियमित समीक्षा हेतु निर्देश संदर्भित पत्र (छायाप्रति संलग्न) से दिए गए हैं। इसी क्रम में निर्देशित किया जाता है कि आपके संभाग अंतर्गत सभी जिलों में, जिला कलेक्टर से समन्वय स्थापित कर, मंडियों में व्यवसायरत सोयाबीन प्रसंस्करणकर्ताओं की एक **जिला स्तरीय बैठक** आगामी सप्ताह में अनिवार्य रूप से आयोजित कराई जाए।

इस बैठक में प्रसंस्करणकर्ताओं को मंडियों में सोयाबीन के भावों में **युक्तियुक्त वृद्धि** एवं **भाव स्थिरता बनाए रखने** के संबंध में उनकी भूमिका से अवगत कराया जाए, तथा उनसे यह अपेक्षा की जाए कि उनके संयंत्रों द्वारा दिए जा रहे भावों में **अनावश्यक कमी न की जाए।**

बैठक का आयोजन कर कृत कार्यवाही से अवगत कराया जाए।

**(कुमार पुरुषोतम)**
**आयुक्त सह प्रबंध संचालक**
**मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड**
**भोपाल**

**क्रमांक/ बोर्ड/ भा.भु.यो./ 2025/1582** **भोपाल, दिनांक 1/10/2025**

प्रतिलिपि :- **कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -**

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्रीजी, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग।
2. स्टाफ ऑफिसर, कृषि उत्पादन आयुक्त, मध्यप्रदेश शासन।
3. निज सहायक, सचिव, मध्यप्रदेश शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग।
4. कलेक्टर, जिला - ______ (समस्त)।
5. अपर संचालक / संयुक्त संचालक / उप संचालक / सहायक संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल।
6. भारसाधक अधिकारी / सचिव, कृषि उपज मंडी समिति ______ जिला - ______ (समस्त)।
7. प्रोग्रामर, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड, भोपाल। निर्देश वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
8. गार्ड फाइल।

**आयुक्त सह प्रबंध संचालक**
**मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड**
**भोपाल**